सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 215 | इंदौर, बुधवार 18 फरवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## नए सिस्टम से मध्य प्रदेश में फिर बारिश

● 22 जिलों में गरज-चमक का अलर्ट, मालवा से चंबल तक असर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। प्रदेश के पश्चिमी और उत्तरी हिस्सों में सक्रिय हो रहे दो चक्रवाती परिसंचरण और एक पश्चिमी विक्षोभ के असर से बुधवार को 22 जिलों में बारिश, आंधी और बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। रतलाम में मंगलवार रात हुई बारिश ने बदलाव की शुरुआत का संकेत दे दिया है। मौसम विभाग के अनुसार इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, धार, झाबुआ, आलीराजपुर, रतलाम, मंदसौर, नीमच, शाजापुर, राजगढ़, आगर-मालवा, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं भोपाल, देवास, खरगोन, बड़वानी, सीहोर, विदिशा, सागर, दमोह, पन्ना और सतना समेत कई जिलों में बादल छाए रहने के आसार हैं। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन के मुताबिक, सक्रिय सिस्टम के कारण बादल घिरेंगे और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। यानी रात की ठंड अब धीरे-धीरे कम होती नजर आएगी।

गुरुवार को ग्वालियर-चंबल संभाग के ग्वालियर, भिंड, दतिया, शिवपुरी, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना बनी रहेगी। इसके बाद सिस्टम कमजोर पड़ने लगेगा और मौसम सामान्य हो जाएगा।

इस महीने की शुरुआत में दो बार ओले, बारिश और तेज हवाओं ने फसलों को नुकसान पहुंचाया था। प्रभावित इलाकों में सर्वे की प्रक्रिया भी कराई गई। अब 18 फरवरी से तीसरी बार प्रदेश में बारिश का दौर शुरू होने जा रहा है, जिससे किसानों की चिंता फिर बढ़ सकती है।

### कटाक्ष




# वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा आज पेश करेंगे मोहन सरकार का तीसरा पूर्ण बजट

### ● यह मिल सकती है सौगातें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान बुधवार को वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा सदन में वर्ष 2026-27 का आम बजट पेश करेंगे। यह बजट 4.70 लाख करोड़ का हो सकता है। माना जा रहा है कि इस बार का बजट कई मायनों में खास होगा, क्योंकि सरकार पहली बार "रोलिंग बजट" पेश कर रही है। यानी केवल एक साल नहीं, बल्कि अगले तीन वर्षों का वित्तीय खाका पेश किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार, सरकार युवाओं, किसानों, कर्मचारियों और मध्यम वर्ग को ध्यान में रखकर कई अहम घोषणाएं कर सकती है। राज्य में लगभग 50 हजार रिक्त सरकारी पदों को भरने का ऐलान संभव है। भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध बनाने के लिए परीक्षा प्रणाली में बदलाव की भी घोषणा हो सकती है।**



### ● मोहन सरकार का तीसरा पूर्ण बजट

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा मोहन सरकार का तीसरा पूर्ण बजट पेश करेंगे। बता दें नीमच जिले के रामपुरा गांव में जन्मे 66 वर्षीय देवड़ा इससे पहले शिवराज सिंह चौहान सरकार में वित्त मंत्री रह चुके हैं। देवड़ा विधि स्नातक हैं और उन्होंने विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन से एमए तथा एलएलबी की डिग्री प्राप्त की है। देवड़ा छह बार विधायक चुने जा चुके हैं और पहली बार 1990 में विधानसभा पहुंचे।

### ● कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा योजना

कर्मचारियों और पेंशनरों के लिए बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना लाए जाने की चर्चा है। प्रस्तावित योजना के तहत गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए 35 लाख रुपए तक का कैशलेस कवर मिल सकता है। सामान्य बीमारियों के लिए अलग से सीमा तय की जा सकती है। इस योजना का लाभ कर्मचारियों के परिवार को भी मिल सकता है। वर्ष 2026 को सरकार कृषि वर्ष के रूप में मना रही है। ऐसे में कृषि क्षेत्र को भी बजट में प्राथमिकता मिलने के संकेत हैं। हर जिले में फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने की योजना पर काम हो सकता है, ताकि किसानों को उनकी उपज का बेहतर दाम मिल सके। सिंचाई क्षमता बढ़ाने के लिए जल संसाधन और नर्मदा घाटी परियोजनाओं में अतिरिक्त निवेश का प्रावधान किया जा सकता है। फसल बीमा, शून्य प्रतिशत ब्याज ऋण और किसान कल्याण योजनाओं को जारी रखने की संभावना है।

### ● सार्वजनिक परिवहन सेवा की शुरुआत

शहरी क्षेत्रों में परिवहन व्यवस्था सुधारने के लिए सहकारी मॉडल पर आधारित "सहकार टैक्सी सेवा" शुरू करने का प्रस्ताव भी सामने आ सकता है। इसे निजी ऐप आधारित टैक्सी सेवाओं के विकल्प के रूप में देखा जा रहा है। इसके अलावा प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन सेवा की अप्रैल में शुरुआत होने जा रही है। बजट में इसके लिए प्रावधान किया जा सकता है। साथ ही सिंहस्थ के लिए भी सरकार बजट में राशि आवंटित कर सकती है।

### ● सड़क समेत बुनियादी ढांचे बढ़ाने पर जोर

वित्तीय मोर्चे पर सरकार के सामने वेतन, पेंशन, ब्याज भुगतान, सामाजिक योजनाओं और सब्सिडी का बड़ा खर्च है। ऐसे में राजस्व बढ़ाने और पूंजीगत व्यय को मजबूत करने पर जोर रहने की संभावना है। सड़कों, पुलों, अस्पतालों और अन्य बुनियादी ढांचे पर बड़े निवेश की तैयारी है, जिससे रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिले। शिक्षा और ऊर्जा क्षेत्र में भी नई घोषणाएं संभव हैं। नए स्कूलों की स्थापना, संस्थानों के उन्नयन और नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रावधान किए जा सकते हैं।

# लिंक हॉफमैन बुश कोच से चलेगी इंदौर-बरेली एक्सप्रेस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर से बरेली के बीच चलने वाली इंदौर-बरेली एक्सप्रेस अब नए एलएचबी (लिंक हॉफमैन बुश) कोच से संचालित होगी। रेलवे प्रशासन ने इसकी तैयारियां पूरी कर ली हैं। बुधवार से यह ट्रेन नई रैक संरचना के साथ चलेगी, जिससे यात्रियों को अधिक सुरक्षित और आरामदायक सफर मिलेगा।**

इंदौर जंक्शन से बनकर चलने वाली 11 ट्रेनों में यह तीसरी ट्रेन होगी, जिसमें एलएचबी रैक लगाई जा रही है।



इंदौर-बरेली एक्सप्रेस प्रत्येक बुधवार सुबह 11:25 बजे बरेली जंक्शन से रवाना होकर आंवला, चंदौसी, बहजोई, बबराला, अलीगढ़, आगरा फोर्ट, आगरा कैंट, ग्वालियर, झांसी, विदिशा और उज्जैन होते हुए अगले दिन सुबह 8:55 बजे इंदौर पहुंचेगी। वापसी में 14319 महाकाल एक्सप्रेस इंदौर से शाम 4:45 बजे चलकर दूसरे दिन दोपहर 3:20 बजे बरेली पहुंचेगी।पहले इस ट्रेन में 23 आईसीएफ कोच लगाए जाते थे, अब 17 एलएचबी कोच लगाए जाएंगे। एलएचबी कोच स्टेनलेस स्टील बॉडी से बने होते हैं और इनमें एंटी-क्लाइंबिंग फीचर होता है। दुर्घटना की स्थिति में कोच एक-दूसरे पर नहीं चढ़ते, जिससे जान-माल का नुकसान कम होता है। इन कोचों में बेहतर सस्पेंशन, अधिक स्पीड क्षमता और ज्यादा यात्री क्षमता भी होती है। रेलवे प्रबंधन के अनुसार, नई रैक संरचना से यात्रियों को बेहतर सुविधा और सुरक्षा मिलेगी। महाकाल (उज्जैन), इंदौर, आगरा, ग्वालियर और झांसी जाने वाले यात्रियों के लिए यह बदलाव बड़ी राहत माना जा रहा है।

# राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने एनीमिया जागरूकता रथ को इंदौर भ्रमण के लिए किया रवाना

## आगामी 12 दिनों में शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में 20 लाख लोगों तक पहुंचेगा जागरूकता रथ

● 17 फरवरी से 1 मार्च तक चलेगा अभियान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। समाज में एनीमिया के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से 12 दिवसीय एनीमिया जागरूकता रथ अभियान की शुरुआत मंगलवार को हुई। इस रथ को इंदौर में भ्रमण के लिए राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस वर्ष अभियान रथ इंदौर शहर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 20 लाख लोगों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। 17 फरवरी से 1 मार्च तक चलने वाला यह 12 दिनी अभियान सांसद सेवा प्रकल्प इंदौर, आयुष मेडिकल वेलफेयर फाउंडेशन एवं एडवांस्ड होम्योपैथिक सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।**

होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. ए.के. द्विवेदी के नेतृत्व में प्रतिवर्ष संचालित होने वाले इस अभियान की शुरुआत मध्य प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने हरी झंडी दिखाकर की। यह कार्यक्रम देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर परिसर में हुआ। इस अवसर पर सांसद श्री शंकर लालवानी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के कुलगुरु प्रो. राकेश सिंघई, कुलसचिव श्री प्रज्वल खरे, डॉ. वैभव चतुर्वेदी, डॉ. अथर्व द्विवेदी, श्री दीपक उपाध्याय, श्री विनय पांडेय सहित समस्त कार्य परिषद सदस्यगण एवं अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।



अभियान को लेकर राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि डॉ. द्विवेदी द्वारा चलाए जाने वाले इस एनीमिया जागरूकता रथ से समाज में एनीमिया के प्रति काफी जागरूकता आएगी। एनीमिया बीमारी की रोकथाम जागरूकता से संभव है। इस तरह के अभियान समाज के सभी वर्ग को जनजागरूकता की पहल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

**समय रहते एनीमिया को लेकर जांच एवं इलाज कराना अत्यंत आवश्यक है - डॉ. द्विवेदी-** इस अवसर पर डॉ. ए.के. द्विवेदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि एनीमिया को लेकर समय रहते जांच एवं इलाज कराना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि होम्योपैथी चिकित्सा एनीमिया के विभिन्न प्रकारों में प्रभावी रूप से सहायक सिद्ध हो रही है। वहीं देश में गर्भवती महिलाओं, किशोरियों और बच्चों के बीच एनीमिया जैसी गंभीर स्वस्थ्य समस्या तेजी से फैल रही है। इस समस्या के खिलाफ समाज को जागरूक करने के उद्देश्य से ही एक व्यापक जन जागरूकता अभियान प्रतिवर्ष चलाया जाता है। इस वर्ष भी 12 दिन तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत दो रथ इंदौर शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के अलग-अलग हिस्सों में प्रतिदिन भ्रमण करेंगे।

रथ के साथ स्टूडेंट्स की टीम भी चलेगी। जो लोगों को पौष्टिक आहार के प्रति जागरूक करेगी। लोगों को विशेष रूप से "गुड़-चना खाएं, रक्त बढ़ाएं" संदेश के साथ प्रतीकात्मक रूप से गुड़ एवं चना वितरित किया जाएगा। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि यदि कोई व्यक्ति एनीमिया मुक्त अभियान से जुड़ना चाहता है, वह इस मोबाइल नंबर 9826042287 पर संपर्क कर सकता है। वहीं जागरूकता रथ अभियान का शुभारंभ प्रदेश के राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल द्वारा किए जाने पर डॉ. द्विवेदी ने उनका आभार व्यक्त किया। कहा कि वे स्वयं पिछले 30-35 वर्षों से एनीमिया एवं सिकल सेल जैसी बीमारियों के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं जो समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है।

# देवी अहिल्या होलकर राजनीतिक शुचिता, महिला सशक्तिकरण और सेवा की त्रिमूर्ति थी : राज्यपाल एवं कुलपाधिपति श्री पटेल

## राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री मंगुभाई पटेल ने देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के शोधार्थियों को स्वर्ण और रजत पदक बांटे

● विद्यार्थी कठिनाईयों में भी झूठ नहीं बोलें और अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राज्यपाल एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के कुलाधिपति श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर राजनीतिक शुचिता, महिला सशक्तिकरण और सेवा की त्रिमूर्ति थी। उन्होंने समाज को आगे ले जाने के लिए कई कल्याणकारी सेवा कार्य किए। गुजरात के जुनागढ़ से आए 60 परिवार को यहाँ बसाया और उन्हें रोजगार के साथ बेहतर जीवन प्रदान किया। यही वजह है कि 300 वर्ष बाद भी आज हम लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर को उनके उत्कृष्ट और सेवा कार्यों के लिए याद करते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से विकास और प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2047 में भारत विकसित बनकर रहेगा और इसमें देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर का भी महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल आज देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर (नैक द्वारा A+ ग्रेड प्रत्यायित) द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में अपना अध्यक्षीय उद्बोधन दे रहे थे। इस मौके पर पद्मश्री नारायण व्यास, सांसद श्री शंकर लालवानी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के कुलपति डॉ. राकेश सिंघई, कुलसचिव श्री प्रज्वल खरे विशेष रूप से उपस्थित थे। यह आयोजन देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर के सभागृह में आयोजित किया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने शोधार्थियों को स्वर्ण और रजत के पदक प्रदान किये।





राज्यपाल श्री पटेल ने दीक्षांत समारोह में पदक प्राप्त शोधार्थी- विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे देवी अहिल्याबाई के जीवन से सीख लेकर निरंतर आगे बढ़े और अपने परिवार के साथ समाज और देश को भी गौरवान्वित करें। राज्यपाल श्री पटेल ने आगे कहा कि उपाधि केवल कागज का एक टुकड़ा या प्रमाण-पत्र नहीं है। यह उपाधि एक प्रकार से समाज और राष्ट्र को आगे ले जाने की जिम्मेदारी भी है कि हम सेवा भावना से कार्य करते हुए समाज को आगे ले जाए।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि आज उपाधियां प्राप्त करने वालों में लड़कों के मुकाबले बेटियों की संख्या अधिक रही। यह बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का परिणाम है। श्री पटेल ने कहा कि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर द्वारा जनजातीय समाज में फैल रही सिकल सेल एनीमिया बीमारी को नियंत्रण करने के लिए की जा रही पहल सराहनीय है। विपरीत परिस्थितियों में भी झूठ नहीं बोलें और सच्चाई के रास्ते पर चलें। त्रेता युग में मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम के जीवन में भी अनेक कठिनाईयां आई थी, इसके बावजूद उन्होंने अपनी मर्यादा नहीं छोड़ी। भगवान श्री राम को माता-पिता ने जो आदेश दिया उसका उन्होंने अक्षरशः पालन किया। रामायण के हर पात्र से हम शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। विश्वविद्यालय इंदौर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। यहाँ से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उच्च संस्थानों में प्लेसमेंट मिल रहा है।

पद्मश्री नारायण व्यास ने कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन का एक लक्ष्य बनाए और उसे पूरा करने में अपनी सारी शक्ति झौंक दें। इतनी उत्कृष्ट पढ़ाई करें कि रोजगार उनके पास स्वयं चलकर आए। उन्होंने आगे कहा कि विद्यार्थी को जीवन में कभी निराश नहीं होना चाहिये, हमेशा विनम्र बने रहें। माता-पिता और आचार्य का कहना माने, अपनी जड़ों से जुड़े रहे। स्वार्थ हित के बजाय देश का हित सोचें।

कुलपति डॉ. राकेश सिंघई ने अपने संबोधन में कहा कि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर उच्च शिक्षा के उन्मुखीकरण और गुणवत्तापूर्ण मूल्य संवर्धन के लिए लगातार अच्छे कार्य कर रही है। साथ ही खेल और कला के क्षेत्र में भी निरन्तर आगे बढ़ रही है। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत कई नये पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिससे विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ बेहतर रोजगार भी मिल रहा है। डॉ. सिंघई ने आगे कहा कि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर को नैक द्वारा A+ ग्रेड प्राप्त है। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय समय पर परीक्षा आयोजित करने के साथ-साथ समय पर परीक्षा परिणाम भी घोषित कर रहा है। डिजिटलाईजेशन का कार्य जारी है। अब एक क्लिक पर विद्यार्थियों को शिक्षा संबंधी सभी जानकारी मिल सकेंगी। कुलपति डॉ. सिंघई ने सभी उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें प्रतिज्ञा दिलाई की वे अपने कर्तव्य का पालन कर देश की सेवा करेंगे और अपने माता-पिता और गुरूजनों की आज्ञा का पालन करेंगे। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, धार, झाबुआ, खंडवा, आलीराजपुर आदि जिलों के जनजातीय क्षेत्रों में सिकल सेल एनीमिया जागरूकता के लिए सतत कार्य कर रहा है। वनवासी क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के साथ चिकित्सा के क्षेत्र में भी कार्य कर रहा है।

सांसद श्री शंकर लालवानी ने सभी उपाधि प्राप्त विद्यार्थियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्ष 2047 के विकसित भारत में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की भी भूमिका होगी। कार्यक्रम में पूर्व कुलपति, कुल सचिव, प्राचार्य, प्रोफेसर्स एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी एवं उनके परिजन तथा देवी अहिल्या विश्वविद्यालय कार्य परिषद के सदस्य उपस्थित थे।

**इंदौर की स्वच्छता पर पीएचडी करने वाले पत्रकार शोधार्थी की सराहना-** दीक्षांत समारोह के दौरान इंदौर की स्वच्छता पर शोध करने वाले पत्रकार श्री जितेन्द्र जाखेटिया की राज्यपाल द्वारा सराहना की गई। इंदौर में स्वच्छता की आदत और व्यवहार में स्वच्छता वास्तव में शोध का कारण बना। श्री जाखेटिया ने इंदौर शहर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता में मीडिया की भूमिका पर शोध किया है। श्री जाखेटिया ने जनसंचार अध्ययनशाला इंदौर की विभागाध्यक्ष डॉ. सोनाली नरगुंदे के निर्देशन में शोध किया है।

# चंदन नगर रिंग रोड के निर्माण का विरोध

## ● महिलाओं ने लहराए काले झंडे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। पश्चिमी इंदौर को एरोड्रम क्षेत्र से जोड़ने वाली चंदन नगर रिंग रोड अब 18 मीटर चौड़ाई में बनेगी, लेकिन बनने से पहले ही इसका विरोध शुरू हो गया, क्योंकि निर्माण से पहले ढाई सौ से ज्यादा बाधक हिस्से तोड़े जाएंगे। मंगलवार को बड़ी संख्या में रहवासी विरोध दर्ज कराने सड़कों पर आए। महिलाएं काले झंडे लेकर आई थीं, जबकि पुरुष तख्तियां लेकर आए और नारेबाजी कर अपना विरोध दर्ज कराया।**




उनका कहना था कि सरकार ने 18 मीटर चौड़ाई का नोटिफिकेशन किया है, लेकिन रहवासियों को विश्वास में नहीं लिया। जो लोग प्रभावित हुए हैं, उन्हें वैकल्पिक स्थान दिया जाना चाहिए। मौके पर रहवासियों के समर्थन में कांग्रेस नगर अध्यक्ष चिंटू चौकसे भी पहुंचे थे। आपको बता दें कि पहले इंदौर के मास्टर प्लान में इसकी चौड़ाई 30 मीटर थी। अब चंदन नगर से कालानी नगर को जोड़ने वाली 18 मीटर चौड़ी सड़क के निर्माण को राज्य शासन से अंतिम मंजूरी मिल गई है। नगर निगम ने इसके निर्माण की तैयारी शुरू कर दी है और चौड़ाई के हिसाब से सेंट्रल लाइन तय कर बाधक मकानों के मालिकों को नोटिस दिया जाएगा। चंदन नगर सड़क सीधे एरोड्रम रोड को जोड़ती है। कालानी नगर से पुलिया तक सड़क 100 फीट से ज्यादा चौड़ी बन चुकी है, लेकिन बाद में बाधक निर्माणों की संख्या ज्यादा होने के कारण काम अटका रहा। यह सड़क पहले पश्चिमी रिंग रोड का हिस्सा थी और ढाई सौ फीट चौड़ाई में बनना थी, लेकिन विरोध के कारण कभी सड़क नहीं बन पाई। इस सड़क पर करीब बीस करोड़ रुपये खर्च होंगे।

## श्रीमहांकाल राजसी सवारी का अनवरत प्रसारण पर आकाशवाणी इंदौर को मिला वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकार्ड का प्रमाण पत्र



**इंदौर।** आकाशवाणी इंदौर को "वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकार्ड" का प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने आकाशवाणी की पूरी टीम को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी है। आकाशवाणी की टीम ने आज संभागायुक्त कार्यालय में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े से भेंटकर उन्हें यह प्रमाण पत्र सौंपा।

उल्लेखनीय है कि आकाशवाणी इंदौर द्वारा विगत वर्ष 18 अगस्त को श्रीमहांकाल राजसी सवारी का आकाशवाणी इंदौर की क्रियेटिव टीम द्वारा अनवरत 05.30 घंटे तक सजीव आँखों देखा हाल प्रसारित किया था, जिसे मध्यप्रदेश स्थित आकाशवाणी के सभी 19 केंद्रों द्वारा एक साथ रिले किया गया। इस अभूतपूर्व कार्य की सराहना करते हुए इसे वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकार्ड की सूची में दर्ज किया गया। आकाशवाणी द्वारा यह आयोजन तात्कालीन आयुक्त जनसम्पर्क एवं वर्तमान में संभागायुक्त इंदौर डॉ. सुदाम खाड़े के निर्देशन में किया गया था। Nirwin World's Greatest Record (NWGR) द्वारा सम्भागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े के नाम यह प्रमाण पत्र दिया गया। यह प्रमाण पत्र किसी नॉन-स्पोर्ट्स इवेंट के सबसे लंबे लाइव ब्रॉडकास्ट में एक्टिव पार्टिसिपेशन और कीमती योगदान के लिए दिया जाता है।

# लाल मिट्टी पर हुआ दंगल, देश विदेश के पहलवानों ने लगाए दांव-पेंच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बिचौली मर्दाना के वैष्णव माता मंदिर मैदान में हुए पारंपरिक दंगल में एक से एक धुरंधर पहलवानों ने अपने दांव-पेंच आजमाए। लाल मिट्टी के अखाड़े में उतरे देशभर के नामी पहलवानों ने अपने दमदार दांव से दर्शकों को रोमांचित कर दिया। नगाड़ों की गूंज और दर्शकों की तालियों के बीच मुकाबले देर रात तक चलते रहे।**



इस दंगल में मध्य प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों से आए पहलवानों ने भी अपनी ताकत और दांव की तकनीक का शानदार प्रदर्शन किया। पार्थ पहलवान और बबलू पहलवान के बीच हुआ मुकाबला खासा रोमांचक रहा, जिसमें दोनों ने एक-दूसरे पर कई दांव आजमाए। वहीं गोपाल शिंदे पहलवान और मोहित पहलवान की कुश्ती भी रोमांचक रही। मध्य प्रदेश कुश्ती संघ के तत्वावधान में मिट्टी का दंगल आयोजित किया गया था। आमतौर पर इन दिनों अधिकांश कुश्तियां मैट पर होती हैं, लेकिन इस पारंपरिक आयोजन में लाल मिट्टी पर दंगल देखना दर्शकों के लिए रोमांचक रहा। मिट्टी से सने पहलवान एक-दूसरे पर दांव लगाकर चित करने में जुटे रहे थे। आयोजकों ने इस पारंपरिक आयोजन के जरिए मिट्टी की खुशबू और जड़ों से जुड़ा रोमांच पेश किया और दर्शकों को भी शानदार मुकाबले देखने के दावत दी गई। पचास से ज्यादा पहलवानों ने दंगल में अपने दांव आजमाए थे। पहलवानों को लाखों रुपये की पुरस्कार राशि के साथ आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। दंगल की प्रमुख कुश्ती ईरान के मिर्जा पहलवान और पंजाब के भारत केसरी पहलवान साहिल कोहली के बीच हुई। संघ के अध्यक्ष नारायण यादव और मान सिंह यादव ने बताया कि कुश्ती के फैसलों के लिए योग्य निर्णायकों की टीम का गठन किया गया था, जिसमें कई अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय पदक विजेता पहलवान शामिल थे। दंगल को देखने के लिए हजारों की संख्या में कुश्ती प्रेमी जुटे रहे।

## शादीशुदा महिला से छेड़छाड़, रिश्तेदार ने रात 3 बजे दरवाजा खटखटाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आजाद नगर इलाके में रहने वाली 19 वर्षीय महिला ने अपने रिश्तेदार पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए थाने में मामला दर्ज कराया है। घटना के समय महिला का पति काम से बाहर गया हुआ था। पुलिस के अनुसार आरोपी, जो पीड़िता का परिचित है और घर से कुछ दूरी पर रहता है, देर रात करीब 3 बजे तीन मंजिला मकान की ऊपरी मंजिल पर स्थित कमरे का दरवाजा खटखटाने लगा। पीड़िता को लगा कि परिवार का कोई सदस्य होगा, इसलिए उसने दरवाजा खोला। आरोप है कि दरवाजा खुलते ही आरोपी ने उसका हाथ पकड़ लिया और अश्लील हरकत करने लगा। महिला ने आरोपी को धक्का देकर शोर मचाया, जिसके बाद वह मौके से भाग गया। घटना के बाद पीड़िता ने अपनी सास को पूरी बात बताई और सोमवार को थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी जुबेर पुत्र मुबारिक बैग के खिलाफ छेड़छाड़ का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## गर्लफ्रेंड से मिलने भारत आया विदेशी युवक पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। हीरानगर क्षेत्र में पुलिस ने सोमवार को एक नाइजीरियन युवक को गिरफ्तार किया है। युवक अपनी गर्लफ्रेंड से मिलने हीरानगर इलाके में आया था, तभी पुलिस ने उसे पकड़ लिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि उसका वीजा वर्ष 2023 में ही समाप्त हो चुका था और इसके बावजूद वह अवैध रूप से शहर में रह रहा था।**

पुलिस के अनुसार आरोपी की पहचान डॉन पेड्रो चार्लिस निवासी सनसिटी के रूप में हुई है, जो मूल रूप से नाइजीरिया का रहने वाला है। वह कई वर्ष पूर्व इंदौर आया था और एक बीपीओ कंपनी में कार्यरत था। वीजा समाप्त होने की जानकारी संबंधित विभाग को मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई थी। इसके बाद लसूड़िया पुलिस उसकी तलाश कर रही थी, लेकिन वह लंबे समय तक गिरफ्त से बाहर रहा। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी शहर की एक अफसरों की कॉलोनी में किराए से रह रहा था। पुलिस को उसकी मौजूदगी की जानकारी नहीं थी। हीरानगर पुलिस को सूचना मिलने पर कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल पुलिस द्वारा आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और संबंधित एजेंसियों को भी सूचना दे दी गई है।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खजराना इलाके में रहने वाले 24 वर्षीय युवक ने सोमवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। देर शाम उसका शव कमरे में फंदे पर लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने मोबाइल जब्त कर जांच शुरू कर दी है। खजराना पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान अक्षय पुत्र रामनाथ निवासी श्रीराम नगर के रूप में हुई है। आसपास के लोगों ने शव देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने पंचनामा कार्रवाई कर मोबाइल जब्त कर लिया। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, हालांकि मोबाइल में मंगेतर के कई मिस्ड कॉल मिले हैं। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। परिजनों ने बताया कि करीब एक साल पहले अक्षय अपने भाई अमित के पास रहने इंदौर आया था। उसके माता-पिता मूल रूप से टिमरनी (हरदा) के रहने वाले हैं। अक्षय कांच का काम करता था और कुछ महीने पहले ही उसकी एक युवती से सगाई हुई थी। दोनों के बीच लंबे समय से प्रेम संबंध भी थे।

# कैबिनेट में मिलेगी मोहन सरकार के तीसरे बजट को मंजूरी

## नई आबकारी नीति पर बन सकती है सहमति, छोटे समूहों को ठेका देने की तैयारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। एमपी की मोहन यादव सरकार के तीसरे बजट के पहले आज विधानसभा में होने वाली कैबिनेट बैठक में सदन में पेश किए जाने वाले पौने पांच लाख करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दी जाएगी। इसके साथ ही कैबिनेट में आज एक अप्रैल से लागू होने वाली नई आबकारी नीति को मंजूरी दी जा सकती है।**

आज पेश होने वाले बजट को वित्त मंत्री एवं डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा मंगलवार को वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों के साथ बैठकर बजट को मंजूरी दे चुके हैं। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और कैबिनेट के समक्ष इस पर चर्चा के बाद उसका अनुमोदन किया जाएगा।



### छोटे समूहों में ठेके देने को मिल सकती है मंजूरी

नई आबकारी नीति जारी करने के पहले आबकारी आयुक्त बदल चुकी सरकार अब एक अप्रैल से शुरू होने वाली नई व्यवस्था में शराब दुकानों को छोटे-छोटे समूहों में बांटकर ठेके देने को मंजूरी दे सकती है। एक समूह में 2 से 5 दुकानें शामिल होंगी और इन्हीं समूहों के आधार पर टेंडर प्रक्रिया होगी। प्रदेश में करीब 1,000 समूह बनने की संभावना है।

भोपाल में 25 से 30 समूह बन सकते हैं। यहां टेंडर के जरिए ठेके दिए जाएंगे। साथ ही होटल-बार और रेस्तरां बार के लाइसेंस की शर्तों में बदलाव किया जाएगा। होटल-बार में पहले 20 कमरों की संख्या को घटाकर 10 किया जा सकता है। नई नीति में पहली बार शराब ठेकों के टेंडर रेंडमाइजेशन सिस्टम से होंगे। कौन-सा समूह पहले खुलेगा, यह कंप्यूटराइज्ड ड्रॉ से तय होगा। पहले सभी टेंडर एक साथ जारी होते थे, अब क्रमवार प्रक्रिया अपनाई जाएगी।

### नई दुकानें नहीं खुलेंगी

नई दुकानें या अहाते नहीं खुलेंगे, मौजूदा ढांचे में ही ठेके दिए जाएंगे। सरकार फिलहाल आबकारी ड्यूटी बढ़ाने के पक्ष में नहीं है। आबकारी विभाग को 31 मार्च तक करीब 18 हजार करोड़ रुपए का राजस्व जुटाना है। अगले वित्तीय वर्ष में इसमें 15 से 20 फीसदी की बढ़ोतरी हो सकती है।

# प्रमोशन में आरक्षण के लिए हर विभाग में बनेगी कमेटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**जबलपुर, एजेंसी। मध्यप्रदेश में प्रमोशन में आरक्षण को लेकर जबलपुर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी हो चुकी है। राज्य सरकार ने स्पष्टीकरण दिया है कि हर विभाग में प्रमोशन के लिए कमेटी बनेगी, लिहाजा सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। राज्य सरकार के जवाब को रिकार्ड में लिया है।**

चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा एवं जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने 17 फरवरी को सुनवाई की। जिसमें मध्यप्रदेश सरकार की ओर से विस्तृत स्पष्टीकरण पेश किया। सरकार की ओर से बताया कि अब हर विभाग में प्रमोशन की प्रक्रिया के लिए अलग-अलग कमेटियां गठित की जाएंगी। यहीं कमेटियां सुनिश्चित करेंगी कि प्रमोशन में आरक्षण से जुड़े सभी नियमों और प्रावधानों का विधिवत पालन हो। दरअसल, राज्य सरकार की नई प्रमोशन पालिसी को सपाक्स ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है। अब अंतिम निर्णय कोर्ट के फैसले के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। एमपी के सभी सरकारी कर्मचारियों को कोर्ट के फैसले का इंतजार है। दरअसल, साल 2002 में मध्य प्रदेश सरकार ने पदोन्नति के नियम बनाते हुए प्रमोशन में आरक्षण की व्यवस्था लागू की थी। इसी प्रावधान के चलते आरक्षित वर्ग के कर्मचारियों को पदोन्नति मिलती रही, जबकि अनारक्षित वर्ग के कर्मचारी पीछे छूट गए। जब इस असंतुलन को लेकर विवाद ने तूल पकड़ा, तो कर्मचारी कोर्ट पहुंचे और उन्होंने प्रमोशन में आरक्षण को समाप्त करने की मांग की।

## मेले में चलते झूले पर मधुमक्खियों का हमला

# नागदा में झूले में बैठे लोग चीखते रहे डंक से 3 बच्चे गंभीर, आईसीयू में भर्ती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नागदा, एजेंसी। नागदा के मुक्तेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चल रहे शिवरात्रि मेले में मंगलवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। चलते झूले पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया, जिसमें तीन बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को नागदा के सरकारी अस्पताल के ICU में भर्ती कराया गया है। घटना का VIDEO भी सामने आया है।**



प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक झूला अपनी पूरी रफ्तार में था, तभी अचानक मधुमक्खियों ने लोगों को काटना शुरू कर दिया। झूले में बैठे लोग चीखने-चिल्लाने लगे। बचने के लिए कई लोग सीटों पर झुक गए और कपड़ों से चेहरा ढंकने लगे।

स्थिति इतनी भयावह हो गई कि कुछ लोगों ने ऊंचाई से ही नीचे उतरने की कोशिश की। झूला संचालक ने तुरंत झूला रोक दिया, लेकिन ऊंचाई पर फंसे लोग तब तक मधुमक्खियों के डंक झेलते रहे। नीचे उतरने के बाद कई लोगों के शरीर पर दर्जनों डंक के निशान मिले।

# लोगो निर्माण की ऑनलाइन प्रतियोगिता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा आम नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से https://mpmygov.in पोर्टल के माध्यम से कम्पनी के लोगो (Logo) निर्माण हेतु ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य रचनात्मक प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना तथा कम्पनी की पहचान को मजबूत बनाना है। इसमें भाग लेकर नागरिक अपनी रचनात्मक सोच और डिजाइन कौशल प्रदर्शित कर सकते हैं। प्रतियोगिता में चयनित सर्वश्रेष्ठ लोगो को 25 हजार रूपये का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इच्छुक नागरिक पोर्टल पर दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुसार अपनी प्रविष्टियाँ ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

# कूनो में खुशियों की दहाड़, गामिनी ने दिए तीन शावकों को जन्म

## देश में चीतों की संख्या 38 हुई



**श्योपुर, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क से बड़ी खुशखबरी आई है। चीता गामिनी ने तीन शावकों को जन्म दिया है। इसके साथ ही भारत में चीतों की कुल संख्या बढ़कर 38 हो गई है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने बुधवार को इसकी जानकारी दी।

गामिनी को दक्षिण अफ्रीका से भारत लाया गया था। यह परियोजना भारत में चीतों की संख्या फिर से बढ़ाने के लिए शुरू की गई थी, क्योंकि कई दशक पहले देश से चीते खत्म हो गए थे। मंत्री ने बताया कि गामिनी दूसरी बार मां बनी है और यह कूनो नेशनल पार्क में चीते के जन्म की नौवीं सफल घटना है। इन तीन नए शावकों के साथ भारत में जन्मे जीवित शावकों की संख्या 27 हो गई है। मंत्री ने कहा कि यह देश के संरक्षण प्रयासों की बड़ी सफलता है। कूनो नेशनल पार्क में चीता पुनर्वास परियोजना को ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है और अब तक इसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं।

## शिवपुरी वकील हत्याकांड

# मास्टरमाइंड सचिन रावत झांसी से गिरफ्तार, 30000 रुपए का था इनाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी, एजेंसी।** करैरा में बीते14 फरवरी को अधिवक्ता संजय सक्सेना की दिनदहाड़े हुई निर्मम हत्या के मामले में करैरा पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने इस सनसनीखेज हत्याकांड के मास्टरमाइंड को झांसी से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर 30 हजार रुपए का इनाम था। इस मामले में तीन शूटर पहले ही गिरफ्तार किए गए हैं। हत्याकांड के विरोध में वकीलों ने पूरे प्रदेश में प्रदर्शन किया था। साथ ही नाराजगी जाहिर की थी। इस दौरान कोर्ट का कामकाज भी बंद रखा था।

मंगलवार को करैरा के एसडीओपी डॉ आयुष जाखड़ ने बताया कि करैरा पुलिस को सूचना मिली कि हत्याकांड का मास्टरमाइंड सचिन रावत झांसी में देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और झांसी पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसडीओपी ने



बताया कि बताया कि इस हत्याकांड के सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

14 फरवरी को एडवोकेट संजय कुमार सक्सेना रोज की तरह अपने घर से पहाड़ी मार्ग होते हुए न्यायालय जा रहे थे। तभी रास्ते में घात लगाए बैठे आरोपियों ने उन्हें रोककर गोली मार दी। गोली लगते ही उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। इस वारदात के मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल 6 विशेष टीमों का गठन कर एसपी अमन सिंह राठौड़ ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे।

## संपादकीय

# सियासी मर्यादा और न्यायपालिका की लक्ष्मण रेखा

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि राजनीतिक नेताओं का दायित्व है कि वे देश में भाईचारा और संवैधानिक मूल्यों को बढ़ावा दें। चीफ जस्टिस की बेंच ने राजनीतिक भाषणों पर दिशानिर्देश तय करने संबंधी जनहित याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए याचिकाकर्ताओं को नई याचिका दायर करने को कहा। वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि राजनीतिक माहौल 'विषाक्त' होता जा रहा है और जवाबदेही के लिए नियम जरूरी है। CJI सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने मंगलवार को उस जनहित याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें राजनेताओं और मीडिया के लिए ऐसे भाषणों की रिपोर्टिंग या प्रसारण को लेकर दिशानिर्देश बनाने की मांग की गई थी, जो कथित रूप से भाईचारे और संवैधानिक मूल्यों को प्रभावित करते हैं। अदालत ने शिक्षाविद् रूप रेखा वर्मा सहित 12 याचिकाकर्ताओं से राजनीतिक भाषणों पर दिशानिर्देश तय करने संबंधित नई अर्जी देने को कहा। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल द्वारा असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के कथित हेट स्पीच की पृष्ठभूमि में याचिका दायर की गई थी। एक दिन पहले, CJI की अध्यक्षता वाली पीठ ने असम के CM के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार कर दिया था। मंगलवार को सिब्बल ने कहा कि माहौल विषाक्त होता जा रहा है और जब राजनीतिक भाषण भाईचारे को दूषित करते हैं, तब जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए दिशानिर्देश बनाए जाने चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि याचिका किसी एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं है। हालांकि, बेंच इससे सहमत नहीं दिखी। CJI ने कहा कि याचिका किसी विशेष राजनीतिक दल के चुनिंदा व्यक्तियों को टारगेट करती हुई लगती है। CJI ने कहा, 'सिलेक्टेड कुछ व्यक्तियों को निशाना बनाने वाली याचिका स्वीकार्य नहीं होगी और ऐसी चुनौती निष्पक्ष और ऑब्जेक्टिव होनी चाहिए। अदालत ऐसी याचिका पर विचार करने को इच्छुक है, बशर्ते वह निष्पक्षता के साथ दायर की जाए।' CJI ने कहा कि याचिका निश्चित रूप से एक विशेष व्यक्ति (सरमा) को लक्षित करती है, क्योंकि इसमें केवल उनके भाषणों का उल्लेख है।

## ज्ञान-विज्ञान

### फरवरी में ही अप्रैल वाली गर्मी...

# अभी से पसीना छूटने के पीछे मौसम का बदलता पैटर्न समेत ये वजह



दिल्ली-NCR में फरवरी के बीच में ही 30-31C तापमान पहुंच गया है. 16 फरवरी 2026 को दिल्ली का तापमान 31.6C पहुंच गया – यह इस साल का सबसे गर्म दिन है. पिछले 5 सालों में फरवरी का रिकॉर्ड तोड़ दिया. सामान्य से 7.2C ज्यादा. लोग ऊनी कपड़े उतारकर हल्के कपड़े पहन रहे हैं. सुबह-शाम भी गर्मी महसूस होने लगी है.

### क्या पूरे देश में ऐसा ही है?

ज्यादातर जगहों पर गर्मी पहले आ गई है. डाउन टू अर्थ की रिपोर्ट के मुताबिक, फरवरी के पहले 15 दिनों में देश के 36 बड़े शहरों में से 27 शहरों में दिन का तापमान सामान्य से ज्यादा रहा.

उत्तर भारत में सबसे ज्यादा असरः दिल्ली, जयपुर, लखनऊ, चंडीगढ़, लुधियाना, हिसार आदि.

गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक में भी 30C से ऊपर तापमान दर्ज किया गया.

रात का तापमान भी 20 शहरों में सामान्य से 1-4C ज्यादा रहा.

Early Heat in Delhi-NCR

### क्या इस बार गर्मी ज्यादा पड़ेगी और लंबे समय तक चलेगी?

**IMD और मौसम विशेषज्ञों का अनुमान...** फरवरी के बाकी दिनों में तापमान 2-4C सामान्य से ज्यादा रह सकता है. मार्च से गर्मी और तेज होगी. 2026 पूरे साल 2025 से ज्यादा गर्म हो सकता है. वसंत ऋतु (Spring) लगभग गायब हो रही है – सर्दी सीधे गर्मी में बदल रही है. गर्मी की लहरें (Heatwaves) पहले शुरू होंगी, ज्यादा तेज होंगी और लंबे समय तक रहेंगी. पिछले सालों के ट्रेंड से पता चलता है कि अब गर्मी अप्रैल से पहले शुरू हो जाती है. जून तक चलती रहती है.

### वैज्ञानिक कारण क्या हैं?

जलवायु परिवर्तन (Climate Change)... पृथ्वी का औसत तापमान लगातार बढ़ रहा है. भारत में पिछले 100 सालों में तापमान करीब 0.8C बढ़ चुका है. ग्लोबल वार्मिंग की वजह से सर्दियां छोटी हो रही हैं और गर्मियां लंबी व तेज हो रही हैं.

शहरों का हीट आइलैंड (Urban Heat Island)... दिल्ली जैसे शहरों में कंक्रीट, इमारतें और कम वृक्ष होने से गर्मी फंस जाती है. रात में भी तापमान नहीं गिरता.

मौसम पैटर्न में बदलाव... ठंडी हवाओं (Western Disturbances) की कमी. साफ आसमान और सूखी पछुआ हवाएं – सूरज की किरणें सीधे जमीन को गर्म कर रही हैं. कम बारिश और बर्फबारी – पहाड़ों पर कम बर्फ पिघलने से ठंडी हवा नहीं आ रही.

ENSO का प्रभाव (El Nio-La Nia)... अभी La Nia कमजोर हो रही है. फरवरी-अप्रैल तक Neutral स्थिति में जा रही है. बाद में El Nio बनने की 50-60% संभावना है, जो भारत में गर्मी और सूखे को बढ़ा सकता है.

यह सिर्फ दिल्ली की समस्या नहीं है. जलवायु परिवर्तन की वजह से पूरे भारत में मौसम का पैटर्न बदल रहा है. हर साल गर्मी पहले और तेज आ रही है. अगर हम वृक्षारोपण, प्रदूषण कम करने और ग्लोबल वार्मिंग रोकने के प्रयास तेज करें तो भविष्य में कुछ राहत मिल सकती है.



New Delhi

# पायजामे का नाड़ा खोलना रेप का प्रयास, सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के विवादास्पद फैसले को पलटा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** 'किसी महिला को गलत तरीके से छूना और उसके पायजामे की डोरी खोलना रेप का प्रयास माना जाएगा।' सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस विवादास्पद फैसले को रद्द कर दिया है, जिसमें इस अपराध को प्रयास नहीं बल्कि रेप की तैयारी बताया गया था। सर्वोच्च न्यायालय ने न्यायिक प्रक्रियाओं में संवेदनशीलता लाने के लिए समिति को एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश भी जारी किए हैं।

इलाहाबाद हाई कोर्ट का यह फैसला 17 मार्च 2025 को आया था। अदालत के इस फैसले पर काफी हंगामा मचा,



NGO 'We the Women' की संस्थापक अध्यक्ष और वरिष्ठ वकील शोभा गुप्ता के एक लेटर के बाद सुप्रीम कोर्ट ने खुद इस मामले पर संज्ञान लिया। फिलहाल मंगलवार को सीजेआई सूर्यकांत , जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने हाई कोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया है। उन्होंने पॉक्सो एक्ट के तहत दो आरोपियों पर रेप की कोशिश का सख्त आरोप फिर से लगा दिया है। NGO की अध्यक्ष शोभा गुप्ता और वरिष्ठ अधिवक्ता एचएस फुल्का ने बेंच के समक्ष यौन अपराधों के मामले में महिलाओं के प्रति ज्यादा संवेदनशीलता दिखाने की अपील की थी। इस पर बेंच ने कहा, 'किसी भी जज या अदालत से पूर्ण न्याय कि उम्मीद तब तक नहीं की जा सकती है, जब तक वह किसी वादी की वास्तविकताओं और अदालत में आते समय उनको किन परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है, उनके प्रति असंवेदनशील हो।'

Uttarpradesh

# कानपुर डबल मर्डर और सुसाइड: 'पापा बोल रहे न मम्मी, भइया भी शांत, एक बार तो उठ जाओ'

## शवों को देख बिलख पड़ी बेटी

**कानपुर, (एजेंसी) न पापा बोल रहें हैं न मम्मी, भइया भी शांत है...। आखिर तुम लोगों के साथ किसने ऐसा कर दिया। रविवार रात 9:50 बजे तो मां आप से फोन पर बात हुई थी। तब आप ने ही बताया था कि पिता खाना खा रहे हैं। हम आ गए हैं... एक बार तो उठ जाओ। अब हमारा क्या होगा... किससे बात करेंगे।**

इस कांड को करने वाले को भगवान कभी माफ नहीं करेंगे... मेरा पूरा परिवार खत्म कर दिया। यह करुण क्रंदन था मेरठ से पोस्टमॉर्टम हाउस पहुंची रिटायर्ड फौजी चेतराम की शादीशुदा बेटी प्रीति का। तीनों के शवों के पास जमीन पर बैठकर फूट-फूटकर बिलखती प्रीति ने कहा कि मेरे माता-पिता और भाई की हत्या करने वालों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए।

प्रीति ने बताया कि माता-पिता के पास कुछ दिनों के लिए घूमने आने वाली थीं। सोमवार दोपहर ट्रेन से रिजर्वेशन कराया था। रविवार रात मां सुनीता से अच्छे से बात हुई लेकिन जरा सा भी बातचीत में कोई तनाव नहीं पता चला।

मां ने सफर के दौरान संभालकर आने के लिए कहा था। इसके बाद वह पैकिंग करने लगीं लेकिन सोमवार सुबह खबर सुनकर कलेजा फट गया।

पोस्टमॉर्टम के बाद जब रिटायर्ड फौजी चेतराम और उनकी पत्नी सुनीता का शव परिसर में लाकर रखा गया तो उनकी बहन समुद्री बिलखकर चीखते हुए बोलीं कि पागल आदमी है... ये क्या कर दिया। भतीजे दीप का शव देख बुआ समुद्री बेहोश हो गई। तीनों शवों का अंतिम संस्कार ड्योढ़ी घाट पर किया गया।

Bihar

# मुसलमानों को भी आरक्षण मिले; दलितों का जिक्र कर अशोक चौधरी ने छेड़ा बवाली मुद्दा

**पटना, (एजेंसी)** बिहार विधानसभा में आरक्षण सीमा को बढ़ाकर 85 फीसदी करने की मांग को लेकर तेजस्वी यादव की पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के विधायकों के बवाल के बीच नीतीश कुमार की सरकार में जेडीयू के चर्चित मंत्री अशोक चौधरी ने मुसलमानों के लिए आरक्षण की मांग उठा दी है। चौधरी ने कहा कि वो दलित जो मुसलमान हो गए और वो मुसलमान जो आज भी दलितों जैसा काम करते हैं, उनको आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि संविधान में आरक्षण का जो प्रावधान है, उसकी मूल भावना छुआछूत है, ना कि कोई आर्थिक या सामाजिक आधार। यूजीसी के नियमों को लेकर मीडिया के सवाल पर अशोक चौधरी ने कहा कि इसे लागू करने से सुप्रीम कोर्ट ने मना किया है, सरकार की तो इच्छा ही है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। अशोक चौधरी ने कहा- 'बाबा साहेब (भीमराव आंबेडकर) ने संविधान में जो प्रावधान किया था, वो छुआछूत था। ना उसका मतलब आर्थिक था, ना उसका मतलब सामाजिक था और ना राजनीतिक। सिर्फ और सिर्फ छुआछूत। जिन-जिन पर छुआछूत था, उनको आरक्षण का प्रावधान किया गया था। ये संविधान का मूल सार है आरक्षण का। जो लोग अछूत थे, बहुत ओबीसी हैं जिनकी हालत खराब है लेकिन वो अछूत नहीं थे, तो हमारे पूर्वजों ने नहीं किया प्रावधान आरक्षण का।

New Delhi

# वकील ने की ऐसी तैयारी सुप्रीम कोर्ट भी हो गया फैन, जज ने हत्या के आरोपी को कर दिया बरी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट ने छह वर्षीय सौतेली बेटी की हत्या के आरोपी व्यक्ति की दोषसिद्धि और आजीवन कारावास की सजा को मंगलवार को रद्द कर दिया। शीर्ष अदालत ने 'जांच में गड़बड़ी' और अभियोजन पक्ष द्वारा परिस्थितिजन्य साक्ष्यों की पूरी सीरीज स्थापित करने में विफलता का हवाला देते हुए यह आदेश सुनाया। न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने अभियोजन पक्ष का प्रतिनिधित्व करने वाली वकील अंकिता शर्मा की तारीफ की। कोर्ट ने 'सटीक तैयारी' और जांच में आई बड़ी बाधाओं के बावजूद 'कुशलतापूर्वक और उत्साह के साथ' मामले की पैरवी करने के लिए प्रशंसा की।

पीठ ने कहा, 'हम सरकारी वकील की सराहना करना चाहेंगे, जिन्होंने हमारे अवलोकन के लिए संपूर्ण अभिलेखों-मूल भाषा और उनके अनुवाद सहित का संकलन तैयार करने का प्रयास किया।'

हालांकि, शीर्ष अदालत ने छत्तीसगढ़ पुलिस की 'गड़बड़ जांच' की कड़ी आलोचना की। जिसके कारण छह साल की बच्ची की हत्या के मामले में कई सवालों के जवाब नहीं मिल पाए, जहां असली अपराधी बिना सजा के बच गए और उसके सौतेले पिता को 'महज अनुमानों' के आधार पर जेल में डाल दिया गया। फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति चंद्रन ने कहा, 'हम इस बात से चकित हैं कि यदि जांच वकील की तैयारी के आधे स्तर की भी होती, तो उस बेचारी बच्ची के लापता होने और मृत्यु को लेकर रहस्य सुलझ सकता था। हम अपीलकर्ता के वरिष्ठ वकील द्वारा जांच के लचर रुख को प्रभावी ढंग से उजागर करने के प्रयासों की भी सराहना करते हैं।'

खेल

# ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्डकप से बाहर, जिम्बाब्वे सुपर - 8 में

- जिम्बाब्वे–आयरलैंड मैच बारिश से रद्द, कंगारू दूसरी बार ग्रुप स्टेज से बाहर




**नई दिल्ली, (एजेंसी) 2021 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लीग राउंड से ही बाहर हो गई है। मंगलवार को जिम्बाब्वे और आयरलैंड के बीच मैच बारिश के कारण रद्द हो गया। कैंडी के पल्लेकेले स्टेडियम में मैच का टॉस भी नहीं हो सका। इसी के साथ जिम्बाब्वे सुपर-8 में पहुंच गई है।**

एक दिन पहले कंगारू श्रीलंका के खिलाफ 8 विकेट से हार गए थे। उन्हें 13 फरवरी को जिम्बाब्वे ने 23 रन से हराया था। अब ऑस्ट्रेलिया को 20 फरवरी को ओमान से खेलना है। इसे जीतकर भी मिचेल मार्श की टीम अगले दौर में नहीं पहुंच सकेगी।

ऑस्ट्रेलियन टीम इस टूर्नामेंट के इतिहास में दूसरी बार ग्रुप स्टेज से बाहर हुई है। इससे पहले 2009 में टीम रिकी पोंटिंग की कप्तानी में लीग राउंड से बाहर हो गई थी। इस वर्ल्डकप में पहला मैच रद्द हुआ मौजूदा वर्ल्डकप में पहला मैच रद्द हुआ है। वहीं, टूर्नामेंट के इतिहास में अब तक 8 मैच रद्द हुए हैं। 2016 के एडीशन में 2 मैच रद्द हुए थे। 2007, 2010, 2012, 2022 और 2024 में भी एक-एक मैच रद्द हुए।

ऑस्ट्रेलिया बाहर कैसे हुआ? ग्रुप बी में श्रीलंका 6 पॉइंट्स और जिम्बाब्वे 5 पॉइंट्स के साथ सुपर-8 में पहुंच गई। ऑस्ट्रेलिया अब आखिरी मैच जीतकर भी 4 पॉइंट्स तक ही पहुंच सकेगा। एक ग्रुप से 2 ही टीमें अगले राउंड में जा सकती है, इसलिए ऑस्ट्रेलिया बाहर हो गया।

जिम्बाब्वे अगले टी-20 वर्ल्डकप के लिए क्वालिफाई सुपर-8 में पहुंचने के साथ ही जिम्बाब्वे ने 2028 टी-20 वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है। उसे अब क्वालिफायर नहीं खेलना होगा। नियमों के मुताबिक टॉप-8 टीमें और मेजबान देश (जिस देश में वर्ल्ड कप हो रहा है) वर्ल्ड कप में सीधे खेलते हैं। जबकि, बाकी टीमों को टूर्नामेंट में एंट्री के लिए क्वालिफायर खेलना होता है।

सिनेमा

# शाहिद ने अपनी ही फिल्म को पछाड़ा, ओ रोमियो ने अबतक कमाए इतने करोड़




विशाल भारद्वाज की फिल्म ओ रोमियो सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक प्रदर्शन है। शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की इस फिल्म को मिलेजुले रिव्यूज मिले हैं।शाहिद कपूर की फिल्म ने भारत में अबतक 40 करोड़ से ज्यादा की कमाई की है। शाहिद कपूर की इस फिल्म ने अपनी ही फिल्म रंगून को कमाई के मामले में पछाड़ दिया है।

शाहिद कपूर की फिल्म ओ रोमियो ने आज यानी 18 फरवरी को सुबह 7 बजे तक भारत में 7 लाख की कमाई की है। 5वें दिन फिल्म ने भारत में 5 करोड़ (नेट)की कमाई की थी।

sacnilk.com के मुताबिक, फिल्म ने भारत में अबतक 40.07 करोड़ (नेट) कमाई की है।ओ रोमियो शाहिद कपूर और विशाल भारद्वाज की जोड़ी की साथ में चौथी फिल्म है। इससे पहले विशाल भारद्वाज कमीने, हैदर और रंगून फिल्म शाहिद कपूर संग कर चुके हैं। शाहिद कपूर की ओ रोमियो ने कमाई के मामले में रंगून को पछाड़ दिया है।

शाहिद कपूर की रंगून साल 2017 में रिलीज हुई थी। फिल्म में शाहिद कपूर के साथ कंगना रनौत नजर आई थीं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर डिजास्टर साबित हुई थी। boxofficeindia.com के मुताबिक, फिल्म का बजट 61 करोड़ था। वहीं, फिल्म ने भारत में 28.82 करोड़ (ग्रॉस कलेक्शन) की कमाई की थी।

## Highlights

1. Galgotias University's response slammed after it claims Chinese robot as its own at AI Summit
2. 2nd day was smoother, our stolen wearables recovered: NeoSapien CEO on AI Summit
3. French Prez Macron ends speech with 'Jai Ho', PM Modi applauds
4. Maharashtra govt revokes 5% quota for SEBC Muslims
5. Jayaram denies Sabrimala gold theft involvement, appears before ED
6. Pak was finished by then: Expert as he asserts India hit Pak's nuclear site in Op Sindoor

# India eyes $200 billion in data centres in push to become global AI hub



**NEW DELHI, (Agency).** India is hoping to garner as much as $200 billion in investments for data centers over the next few years as it scales up its ambitions to become a hub for artificial intelligence, Union IT Minister Ashwini Vaishnaw said on Tuesday. "Today, India is being seen as a trusted AI partner to Global South, seeking open, affordable and development-focused solutions," Vaishnaw told The Associated Press in an email interview, even as New Delhi hosts the India AI Impact Summit this week. "A trusted AI ecosystem will attract investment, accelerate adoption," he said, adding that a central pillar of India's strategy to capitalise on the use of AI is building infrastructure. The investments underscore the reliance of tech titans on India as a key technology and talent base in the global race for AI dominance. For New Delhi, they bring in high-value infrastructure and foreign capital at a scale that can accelerate its digital transformation ambitions. In October, Google announced a $15 billion investment plan in India over the next five years to establish an AI hub in the world's most populous country. Microsoft Corp. followed two months later with $17.5 billion to grow India's cloud and AI infrastructure over the next four years. Amazon.com Inc. too has committed $35 billion investment in India by 2030 to expand its business, specifically targeting AI-driven digitisation. The cumulative investments are part of $200 billion in investments that are in the pipeline and New Delhi hopes would flow in. The government recently announced a long-term tax holiday for data centres as it hopes to provide policy certainty and attract global capital.

# Adani Group to invest $100 billion for AI data centres in India over next 10 years

**NEW DELHI, (Agency).** The Adani Group, led by billionaire Gautam Adani, has announced plans to invest up to $100 billion to build integrated, renewable-energy-powered AI data centres in India by 2035. The initiative aims to establish a "sovereign energy and compute platform," positioning India as a global exporter of intelligence rather than just a consumer.



The commitment is projected to catalyse an additional $150 billion across the broader ecosystem, including server manufacturing, sovereign cloud services, and advanced electrical infrastructure, bringing the total economic impact to approximately $250 billion over the next decade. Departing from traditional data centre models, Adani's roadmap creates a unified architecture where green power generation and high-density processing are developed in parallel.

Scale: The group is expanding its AdaniConneX platform from 2 GW to a 5 GW target, aiming for the world's largest integrated data center platform.

Power: Compute clusters will be backed by Adani Green Energy's massive 30 GW Khavda project.

Investment: An additional $55 billion is earmarked to expand the group's renewable portfolio and build one of the world's largest battery storage systems (BESS).

# जनसुनवाई में संवेदनशीलता के उदाहरण- थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को तत्काल राहत

## ऑपरेशन के बाद स्वस्थ हुई बिटिया ने शासन-प्रशासन के प्रति व्यक्त किया आभार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संवेदनशील पहल के तहत इंदौर जिले में प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई का क्रम लगातार जारी है। जनसुनवाई के सकारात्मक परिणाम भी सामने आ रहे हैं, जिसमें अनेक आवेदकों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। जिन मामलों का तत्काल निराकरण संभव नहीं हो पाता, उनके लिए समय-सीमा निर्धारित की जाती है तथा प्रत्येक सोमवार को कलेक्टर शिवम वर्मा द्वारा प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा भी की जा रही है।**



कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में भी कई ऐसे उदाहरण सामने आए, जब समस्याओं के निराकरण से संतुष्ट नागरिक स्वयं प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करने पहुंचे। कलेक्टर शिवम वर्मा ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों एवं उनके परिजनों से अपने कक्ष में मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी और तत्काल समाधान सुनिश्चित किया। बताया गया कि थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों और उनके परिजनों ने बताया कि दवाओं की उपलब्धता में विलंब हो रहा है। कलेक्टर श्री वर्मा ने तुरंत ही संबंधित अधिकारियों से चर्चा की और दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करवाई। कलेक्टर श्री वर्मा ने बच्चों और परिजनों को आश्वस्त किया कि आगे से इंजेक्शन एवं दवाओं की आपूर्ति निरंतर जारी रहेगी और किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी। थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों और उनके परिजनों ने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमें प्रशासन की उक्त व्यवस्था से निशुल्क दवाईयां मिल रही हैं।

कलेक्टर श्री वर्मा के निर्देश पर आगामी समय में व्यवस्था को व्यवस्थित रखने के लिए थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों में से वैभव सोनी नामक बालक को नोडल बनाया गया है, जो दवा उपलब्धता तथा समन्वय का कार्य देखेंगे। साथ ही प्रशासनिक टीम द्वारा नियमित मॉनिटरिंग भी की जाएगी ताकि समय पर ऑर्डर और वितरण सुनिश्चित हो सके। जनसुनवाई में आरोही नामक बालिका भी अपनी माता के साथ कलेक्टर श्री वर्मा को धन्यवाद देने पहुंची। जन्म से आंख के ऊपर गठान होने के कारण उसे ऑपरेशन की आवश्यकता थी, जिसे जिला प्रशासन की मदद से सफलतापूर्वक कराया गया। ऑपरेशन के बाद स्वस्थ हुई बालिका को देखकर कलेक्टर श्री वर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त की और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जनसुनवाई के माध्यम से एक वाहन स्वामी को दो साल से लंबित वाहन रजिस्ट्रेशन कार्ड मिला। आवेदक ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में त्वरित समाधान के लिए आभार जताया। आवेदक ने जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि उनके दो वर्ष पूर्व एक ऑटो डीलर से लोड़िंग रिक्शा क्रय की थी। डीलर की लापरवाही से उसे रजिस्ट्रेशन दस्तावेज नहीं मिल पाये। कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देशों के परिपालन में सहायक परिवहन अधिकारी ने ऑटो डीलर से स्थल से ही मोबाइल पर चर्चा कर लंबित रजिस्ट्रेशन दस्तावेज दिलवाये। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्पष्ट निर्देश हैं कि जनसुनवाई के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, विशेष रूप से स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़े मामलों में तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनका स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। जिला प्रशासन का निरंतर प्रयास है कि जरूरतमंदों को समय पर उपचार एवं सहायता उपलब्ध हो, ताकि वे स्वस्थ होकर शिक्षा, खेल और जीवन के अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ सकें तथा देश और समाज का नाम रोशन करें।

जनसुनवाई में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पंवार, रिंकेश वैश्य सहित अन्य अधिकारियों ने भी आवेदकों की समस्याओं को सुनकर हाथों-हाथ निराकरण किया। जनसुनवाई में अधिकांश प्रकरण पारिवारिक विवाद, जमीन विवाद, संपत्ति विवाद आदि के थे।

# कोलकाता भेजी गई चॉकलेट की खेप डिपो तक नहीं पहुंची

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। आजाद नगर थाना क्षेत्र में एक चॉकलेट कंपनी संचालक ने ट्रक ड्राइवरों के खिलाफ माल हेराफेरी का मामला दर्ज कराया है। आरोप है कि ट्रांसपोर्ट के जरिए कोलकाता भेजी गई चॉकलेट की खेप डिपो तक नहीं पहुंची। आजाद नगर पुलिस के अनुसार पेवल्स सिल्वर स्प्रिंग निवासी योगेश पुत्र किशनलाल हिंदुजा की शिकायत पर संदीप पुत्र राजेश वर्मा (निवासी करोठा, हरियाणा) और रविंद्र पुत्र महावीर प्रसाद (निवासी धानकूटी, राजस्थान) के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया है।

योगेश उद्योग नगर पालदा में "निधि कन्फेक्शनरी" नाम से कंपनी संचालित करते हैं। शिकायत के मुताबिक 23 जनवरी को चॉकलेट के 67 बॉक्स इंडियन रोड कैरियर ट्रांसपोर्ट के जरिए ट्रक नंबर RJ18-GB-2317 में लोड कर सरस्वती प्रोडक्ट कोलकाता भेजे गए थे। ट्रांसपोर्ट एजेंट मोहम्मद हसीब से संपर्क कर माल रवाना किया गया था, लेकिन काफी दिनों तक डिलीवरी नहीं पहुंची। ट्रांसपोर्ट संचालक से जानकारी लेने पर बताया गया कि ट्रक संदीप के साथ रवाना हुआ था। बाद में ड्राइवरों के मोबाइल फोन बंद मिले। तलाश करने पर ट्रक जोधपुर हाईवे पर महादेव ढाबे के पास खड़ा मिला, जहां ट्रक खाली था। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक